राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/110/2022 दिनांकः— 07 मार्च, 2022

प्रेस विज्ञप्ति

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकगण से सादे कागज पर आवेदन—पत्र समस्त प्रमाण—पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित उचित माध्यम से आंमत्रित किये जाते है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अशंकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु निम्नलिखित अर्हतायें निर्धारित है :—

01. उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध महाविद्यालय में रीडर/प्रवक्ता(चयन वेतनमान)/प्रवक्ता(वरिष्ठ वेतनमान)पद पर कार्यरत् होना चाहिए।
02. सम्बद्ध कॉलेजों के प्राचार्य/प्राचार्या जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि की जानकारी हो तथा रीडर का दर्जा प्राप्त हो, को भी कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है।
03. वह राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम तीन वर्ष तक कार्यरत् रहा हो।
04. उससे प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र/प्रशिक्षण अभिविन्यास तथा अनुसंधान केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।
05. अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु चयन के समय उसे 50 वर्ष से अधिक आयु का नही होना चाहिए।

विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 22.03.2022 है। उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।

(महेश कुमार) 07/3/22
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकगण के मध्य प्रसारित करा दे, जिससे इच्छुक शिक्षकगण निर्धारित तिथि के अन्दर आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सकें।
03. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र (अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज) को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया उपर्युक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
04. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner